दिनांक 08 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त के निर्देश पर सुबह से सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे जोन आयुक्त, स्वच्छ भारत मिशन के तहत निगम क्षेत्र के सभी सार्वजनिक शौचालयों को बेहतर बनाए रखने मुहिम

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सफाई व्यवस्था बेहतर बनी रही इसके लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जोन कमिश्नर अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर रहे हैं। निगमायुक्त के सख्त निर्देश के बाद सुबह से सभी जोन के आयुक्त अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर सफाई की गतिविधियों में तेजी लाने के लिए अपनी स्वच्छता टीम के साथ सघन निरीक्षण कर रहे है। आज सुबह से निगम उपायुक्त तरूण पाल लहरे स्वयं फील्ड में जाकर औचक निरीक्षण किए और जोन आयुक्तों के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया , उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों में कमियों को दूर करने सूची तैयार कर शीघ्र ही व्यवस्थित करने के निर्देश दिए है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत निगम क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही भी की जा रही है , इसी के तहत जोन 02 की जोन आयुक्त पूजा पिल्ले ने निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने वाले खटाल संचालक से 3000 अर्थदंड वसूलने की कार्यवाही की। निगम क्षेत्र के सभी सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों की व्यवस्था और बेहतर की जा रही है ताकि क्षेत्र के नागरिक शौचालयों का उपयोग अच्छे तरीके से कर सके! निगम का सफाई अमला कड़ाके की ठंड में भी सुबह 6 बजे से सफाई व्यवस्था में जुट रहे है।

स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत भिलाई निगम प्रशासन शहर की सफाई व्यवस्था को और चाक चौबंद कर रही रही है। मोहल्लों के बीचोंबीच कचरे के डंपिंग साइट समाप्त करने , नया डंपिंग साइट नहीं बनने देने , नालियों की अच्छी से सफाई , शौचालय की बेहतर व्यवस्था , सफाई कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति तथा बाजार क्षेत्रों की दो पालियों में सफाई को लेकर अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहे है।

जनसम्पर्क अधिकारी